Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding redevelopment of residential colonies falling under funnel zone near Mumbai Airport -laid.

श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व): मुम्बई शहर में फनल जोन में पड़ने वाले अधिकांश इमारते पुनर्विकास की प्रतिक्षा कर रही है। फनल जोन रनवे के दोनो ओर से बाहर और ऊपर की ओर फैला हुआ भाग होता है। मुम्बई शहर में इस फनल जोन में लगभग 6000 इमारते आती है जो 30 से 40 वर्ष पुरानी है जिसमें से अधिकांश की हालत बेहद ही जर्जर है। हवाई अड्डे के निकट विले पार्ले, सैंटाक्रूज, कुर्ला और घाटकोपर इलाके में हाईट रिस्ट्रिकशन के कारण वर्षो से इन इमारतों का पुनर्विकास नहीं हो पा रहा है। इस क्षेत्र में एक अनुमान के अनुसार लगभग 4 से 5 लाख लोग रहते है और वर्षों से केन्द्र एवं राज्य सरकार से राहत की गुहार कर रहे है। इस जोन में बने मकानो को अधिक रहने योग्य बनाने के लिए पुनर्विकास की अत्यंत एवं तुरंत आवश्यकता है। ऊचाई की प्रतिबद्धता के कारण कोई भी डेव्लपर इस जोन पर आने वाले कालोनियो का पुनर्विकास करने में रूचि नही दिखाता है।

मेरा सरकार से निवेदन है कि मुम्बई सघन आबादी वाला शहर है इस लिए यहाँ फ्लोर स्पेस इंडेक्श (एफ.एस.आई.) और जिन्होने एफ.एस.आई. का इस्तेमाल नहीं किया है उसे स्थानांतरित कर फनल जोन के कलोनियों को छूट देने पर विचार किया जाए। सरकार इस क्षेत्र के निवासियो को जल्द से जल्द राहत दे ताकि उनका पुर्नवास वित्तीय रूप से भी और व्यावाहरिक रूप से भी हो सके।